संक्षिप्त

नगर परिषद में स्वास्थ्य जांच शिविर

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। नगर परिषद में सफाई आयुक्त महोदया के निर्देशानुसार आज परिषद के समस्त सफाई कर्मचारियो सहित अन्य स्टाफ के लिये स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। सिटी डिस्पेंसरी से डॉ गिरधर गोपाल, नर्सिंग ऑफिसर सविता सिंह, एएनएम पूनम, एलटी कुसुमलता ने कर्मचारियों का स्वास्थ्य प्रशिक्षण कर दवा वितरण की। आयुक्त सीता वर्मा ने भी अपना हेल्थ चेकअप कराया। अधिशासी अभियंता संदीप यादव, सहायक अभियंता त्रिलोचन कुमावत, स्वास्थ्य निरीक्षक मनोज रणवा, मुकेश लखन, प्रशासनिक अधिकारी प्रकाश मेहता, भारत, राहुल, चरणदास, विजय व सभी जमादार उपस्थित रहे।

हिंद सेवा दल की बैठक आज

अजमेर, (कासं)।हिंद सेवा दल की एक बैठक का आयोजन रविवार 9 फरवरी 2025 को मध्याह्न सवा तीन बजे राजकीय संग्रहालय के पास, गोल प्याऊ नया बाजार अजमेर पर आयोजित की गई है। प्रवक्ता राजेंद्र गांधी ने बताया कि बैठक में आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की जायेगी । जिसमें कार्यकारिणी का विस्तार एव पुर्नगठन पर चर्चा की जाएगी । संस्थापक अध्यक्ष आर के महावर ने सभी कार्यकर्त्ता व साथीगण को समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

दो घंटे खड़े रहे मरीज

मसूदा (निसं)। बाड़मेर सेड़वा में उपखंड अधिकारी बद्रीनारायण द्वारा चिकित्सक डॉ रामस्वरूप को कथिन तौर पर धमकाने के विरोध में मसूदा उप जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों ने दो घंटे का कार्य बहिष्कार किया। सेवारत चिकित्सकों ने सवेरे 9 बजे से 11तक दो घंटे पेन डाउन स्ट्राइक रखते हुए सेड़वा उपखंड अधिकारी के खिलाफ सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की हड़ताल के चलते चिकित्सा व्यवस्था कुछ समय तक दूर दराज से मरीज 2 घंटे तक चिकित्सालय कक्ष के बाहर खड़े रहे ।चिकित्सकों ने सवेरे 9 बजे से 11 बजे तक एक भी मरीज को नहीं देखा इमरजेंसी के बाहर सेवाड़ा उपखंड अधिकारी के कृत्य का विरोध जताया।

'दिल्ली की जनता ने आप को नकारा'

अजमेर । दिल्ली विधानसभा चुनाव में 27 साल बाद भाजपा को बहुमत मिलने पर अजमेर भाजपाइयों ने जश्न मनाया। केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी व शहर भाजपा अध्यक्ष रमेश सोनी के नेतृत्व में शनिवार को फव्वारा सर्किल पर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर एक-दूसरे मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दिल्ली की जनता ने अपार विश्वास जताया है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक एवं प्रचंड जीत पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने दिल्ली की जनता का आभार व्यक्त किया। केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, भाजपा की राष्ट्रवादी एवं जनकल्याणकारी नीतियों और समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली में डबल इंजन सरकार आने से यहां का सर्वांगीण विकास होगा। आमजन की सुविधा का ध्यान रखने के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर की मजबूती पर भी ध्यान दिया जाएगा।

अजमेर सरस डेयरी का घी पहुंचा प्रयागराज कुंभ में

- आईडीए का राष्ट्रीय अधिवेशन आगामी मार्च में होगा पटना में

अजमेर, (कासं)। इंडियन डेयरी एसोसिएशन (आईडीए) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की 11वीं बैठक शनिवार को नई दिल्ली में आईडीए अध्यक्ष आर. एस. सोढ़ी की अध्यक्षता में आयोजित की गई, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अजमेर सरस डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने भी इसमें शिरकत की है। बैठक में विभिन्न प्रांतो से पहुंचे सदस्यों ने एक स्वर में इस बात पर अपनी सहमति व्यक्त की है कि केंद्र की एनडीए सरकार ने हाल ही में पारित केंद्रीय बजट में किसानों एवं पशुपालकों को निराश किया है, डेयरी एवं पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ के रूप में काम करती हैं, लेकिन केंद्र सरकार ने अपने हालिया पारित बजट में किसानों एवं पशुपालकों को निराश किया है। बैठक में आगामी माह में 6 से 8 मार्च तक बिहार की राजधानी पटना में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन के संदर्भ में भी विस्तृत चर्चा की गई त्इस अधिवेशन का उद्घाटन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे तथा अध्यक्षता केंद्रीय डेयरी एवं पशुपालन मंत्री ललन सिंह करेंगेत बैठक में अपनी बात रखते हुए अजमेर सरस डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने कहा कि अजमेर सरस डेयरी के लिए यह गर्व एवं गौरव की बात है कि प्रयागराज कुंभ में अजमेर सरस डेयरी का घी उपयोग में लिया जा रहा है।

अब तक लगभग 270 टन घी अजमेर से प्रयागराज पहुंचा है, चौधरी ने कहा कि तिरुपति विवाद के बाद सहकारी क्षेत्र में शुद्ध उत्पादन के कारण दूध एवं दूध उत्पादन की मांग तेजी से बढ़ी है वही महाकुंभ के कारण भी दुग्ध उत्पादन की खपत बढ़ी है, चौधरी ने कहा कि अजमेर डेयरी के घी की महाकुंभ में भारी मांग हो रही है, उन्होंने कहा कि 2025 में डेयरी क्षेत्र में भावी संभावना तथा उज्जवल भविष्य हैं, गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष स्टॉक की भी भारी कमी आई है। चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार ने हाल ही में पारित बजट में दुग्ध उत्पादन एवं इसके संसाधनों हेतु भी कोई प्रावधान नहीं किया है त्दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादन में जीएसटी में भी कोई रियायत नहीं दी वहीं पशुपालन क्रेडिट कार्ड की सीमा तीन से पांच लाख तो कर दी गई है, लेकिन इसकी ब्याज की दरों में अभी तक कोई स्पष्टीकरण नहीं किया गया है। चौधरी ने अपनी बात को विस्तार देते हुए कहा कि कुछ वर्ष पहले बजट में प्रधानमंत्री द्वारा 1500 करोड़ का प्रावधान इसी क्षेत्र में किया गया था, लेकिन अभी तक 1000 पशुपालकों को भी इसका लाभ नहीं मिला है त उन्होंने कहा कि अच्छा यह होता कि डेयरी एवं पशुपालन को कृषि क्षेत्र में शामिल करके किसानों, पशुपालकों तथा देश के अन्नदाता को संबल प्रदान करते हैंत लेकिन केंद्र की सरकार ने किसानों को अनाथ की तरह छोड़ दिया है। बजट में दुग्ध उत्पादन के निर्यात पर भी अनुदान की कोई घोषणा नहीं करके केंद्र सरकार ने इस क्षेत्र को पीछे धकेलना की मंशा दर्शाई है।

धर्मेंद्र राठौड़ ने उठाए कई अहम मुद्दे

अजमेर/पुष्कर । पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष ने कहा कि तत्कालीन मुख्य मंत्री अशोक गहलोत सरकार के ड्रीम प्रॉजेक्ट रहे पुष्कर ब्रह्मलोक कारीडोर का अयोध्या व काशी विश्वनाथ की तर्ज पर भव्य निर्माण होना चाहिए । उन्होंने कहा कि पुष्कर में कोरिडोर प्रोजक्ट का विरोध नहीं हो रहा है बल्कि प्रोजक्ट को सार्वजनिक नहीं किए जाने से स्थानीय लोगों में विभिन्न प्रकार की आशंकाएं व दुकान, मकान टूटने का भय उत्पन्न हो रहा है। उससे जन आक्रोश फैल रहा हैं। सरकार को पुष्कर के लोगो को विश्वाश में लेना चाहिए व कोरिडोर प्रोजेक्ट के मॉडल को सार्वजनिक करना चाहिए। हो सकता है पुष्करवासी सरकार के ब्रह्मलोक कोरिडोर प्रोजक्ट के मॉडल से सहमत हो जाए ।

राजस्थान पर्यटन निगम के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौड़ ने शनिवार को पुष्कर में होटल सरोवर में मीडिया से रूबरू होते कहा कि पुष्कर में भव्य कोरिडोर निर्माण का मेरा सपना था। मैने गहलोत सरकार के कार्यकाल में भरसक सार्थक प्रयास किए। कांग्रेस के नेता वैद्यनाथ पाराशर, श्री तीर्थ गुरु पुष्कर पुरोहित संघ के प्रतिनिधियों के एक दल ने काशी विश्वनाथ का दौरा कर पुष्कर में ब्रह्मलोक कोरिडोर निर्माण हो अपनी सहमति प्रदान की थी।

सार-समाचार

विधायक भाटी के शाहपुरा पहुंचने पर स्वागत

शिव बाड़मेर विधायक रविंदर सिंह भाटी शाहपुरा पहुंचे। उमड़ा जन सैलाब।

शाहपुरा । शिव बाड़मेर के विधायक रविन्द्र सिंह भाटी के पहली बार शाहपुरा पहुंचने पर जगह-जगह भव्य स्वागत सत्कार किया गया। विधायक भाटी लंबे इंतजार के बाद कलिजरी गेट पहुंचने पर शुभचिंतकों में जोश बरकरार रहा जेसीबी के माध्यम से पुष्प वर्षा की गई,कलिजरी गेट से रोड शो किया गया,रोड शो के दौरान भाटी साथ सैकड़ो की तादाद में युवाओं ने साथ चलकर स्वागत किया, त्रिमूर्ति चौराहे स्थित बारहठ स्मारक पर विधायक रविंद्र सिंह भाटी द्वारा क्रांतिकारी वीरवर बारहठ बंधु प्रतिमाओं का स्वागत करने के बाद एक निजी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे,जहां कार्यक्रम को संबोधित किया तत्पश्चात महाराणा प्रताप स्मारक पर पहुंचकर प्रतिमा पर माला स्वागत किया। इस दौरान पत्रकार वार्ता में कहा कि ओरण के लिए किया जा रहे संघर्ष के मामले में शिव विधायक भाटी ने बताया कि यह सिर्फ एक जमीन की नहीं पूरे इकोसिस्टम को बचाने की लड़ाई है।साथ ही शाहपुरा जिला संघर्ष मामले में उन्होंने संघर्ष की जीत होने की बात करते हुए संघर्ष समिति के संघर्ष को सराहा।

शूटिंग से रोजगार की संभावनाएं

अजमेर । भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के फिल्म प्रमाणीकरण बोर्ड के 29 वर्ष तक लगातार अध्यक्ष रहे फिल्म निर्माता पहलाज निहालानी और अन्य फिल्म निर्माताओ से श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के पदाधिकारियो ने अपील की कि अजमेर और पुष्कर में फिल्मो की शूटिंग करवाकर प्राकृतिक सुन्दरता एवं धरोहरों को अपनी आगामी नई फिल्मों में सम्मलित करके अजमेर के लोगों के लिए रोजगार के साथ पर्यटन को बढ़ावा मिल सकता है। श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के कालीचरणदास खण्डेलवाल, महेन्द्र बंसल ने कहा कि राज्य सरकार से भी मांग की है कि प्रदेश में फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने के लिए फिल्म निर्माताओं को रियायत दी जाए ताकि प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि अजमेर के तारागढ दुर्ग, नारेली तीर्थ, ढाई दिन का झोपडा, बूढा पुष्कर, बारह दरी, तीर्थ पुष्कर, ब्रह्मा मंदिर , सोनी जी की नसियां, सांई बाबा मंदिर सहित अनेक अन्य फिल्मो में दर्शाए जाने प्राकृतिक धराहरो वाले स्थलो पृथ्वीराज स्मारक, तारागढ का किला, पुष्कर घाटी, मेयो कॉलेज, रेलवे के प्राचीन कारखाने, आनासागर झील, फायसागर आदि का बहुत ही अधिक महत्व है।

त्यागी का चयन

अजमेर,(कासं)। 'बोर्ड ऑफ़ डिसेबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन (इंडिया)' मे राजस्थान कोर्डिनेटर राजस्थान के पद पर अजमेर निवासी मनोज कुमार त्यागी का चयन हुआ है। त्यागी ने कहा संगठन जो मुझे जिम्मेदारी है, उसका बडी ईमानदारी के साथ निर्वहन करूंगा।

245 मरीज हुए शिविर से लाभान्वित

मेड़ता सिटी । स्व शांति देवी धर्मपत्नी स्व रामनारायण तोलुंबिया गोटन मेड़ता की पुण्य स्मृति में 157 वा विशाल आंखों का नि:शुल्क जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का महंत हरिनारायण महाराज के सानिध्य में शनिवार को छतरी धाम में शुभारंभ किया गया । जिसने 245 मरीजों ने अपनी आंखों का नि:शुल्क जांच करवाई वही 50 मरीजों को आंखों के ऑपरेशन के लिए चिह्नित किया गया। शिविर आयोजन कर्ता भगवती लाल टेलर ने बताया कि गुरु हस्ती नेत्र चिकित्सालय पीपाड़ , जिला अंधता निवारण समिति , श्री किशनदेव महाराज छतरीधाम , दादोसा परिवार व भारत विकास परिषद मेड़ता तथा मीरा लैंब मेड़ता के सयुक्त तत्वाधान में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 245 मरीजों को इस शिविर का लाभ मिला । टेलर ने बताया कि इस शिविर के माध्यम से चिन्हित ऑपरेशन मरीजों का पीपाड़ गुरु हस्ती आंख चिकित्सालय में ले जाकर निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। वही गुरु हस्ती नेत्र चिकित्सालय पीपाड़ के नेत्र विशेषज्ञ डॉ साहिल भंडारी , डॉ महक भंडारी व टीम द्वारा छतरी धाम में शिवीर में मरीजों को चेकअप किया। वही दादोसा परिवार जोधपुर द्वारा शिविर आयोजनकर्ता भगवती लाल टेलर , नवरतनमल टाक धनराज टाक, महेंद्र टेलर का माला , शॉल व स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर माणक दरक , रमेश भूतड़ा , सुरेंद्र बिड़ला अध्यक्ष भारत विकास परिषद , हनुमान दुगस्त्वा , प्रवीण काबरा , श्याम दाधीच , कृष्ण गोपाल गौड़, रमेश पारिक , गोतम झामड़ , हेतराम विश्नोई, श्री राम खोजा , हरिराम मातवा, जगराम दास वैष्णव , प्रकाश लटियाल , चंपालाल माली , अशोक सोलंकी , लक्ष्मी विश्नोई , कमल भाई गोयल , श्याम पाराशर , दिनेश प्रजापत , सुशील दिवाकर , मोहन महेरिया , महेश सेन , नंदकिशोर प्रजापत , मनोज शर्मा , ऋषि वर्मा , पंडित राकेश व्यास , राजू दय्या , शिव सिंह , महेश प्रजापत , जे पी सर , नेमीचंद टेलर , राजू बडगूजर, सहित कई समाज सेवी मौजूद थे।

नवनियुक्त मण्डल अध्यक्षों का स्वागत

ब्यावर । भारतीय जनता पार्टी अजमेर देहात के महाराणा प्रताप मण्डल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रवि चौहान व आशापुरा माता मण्डल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय दगदी को बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार करते हुए निवर्तमान जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतडा के कार्यालय पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई शुभकामनाए प्रेषित की। इसके साथ ही निवर्तमान जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतडा के नेतृत्व मे ढोल बजाकर अम्बेडकर सर्किल पर बाबा साहेब की पावन प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और पुष्पांजलि अर्पित कर सादर नमन किया। नवनिर्वाचित मण्डल अध्यक्ष रवि चौहान ने कहा कि कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। साथ ही कार्यकर्ताओं और पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरा करने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। पार्टी को निरतंर आगे बढ़ाने के लिए वह कार्यकर्ताओं को साथ लेकर कार्य करेंगे।

मण्डल अध्यक्ष विजय दगदी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार जनहित में अनेकों कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है।

नीट परीक्षा 4 मई को, ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ

अजमेर, (कासं)। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी के आवेदन प्रारम्भ हो चुके है।

एजुकेशन काउंसलर विकास छाजेड़ ने बताया की 4 मई को आयोजित होने वाली नीट यूजी परीक्षा पेन, पेपर मोड पर होगी एवं सिंगल शिफ्ट में होगी जिसका समय दोपहर 2 से सांय: 5 रहेगा। नीट यूजी के आवेदन की अंतिम तिथि 7 मार्च है, आवेदन एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से किया जा सकेगा।

किनके लिए नीट यूजी- नीट यूजी स्नातक मेडिकल के विभिन्न कोर्स की प्रवेश परीक्षा है, जिसमे एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीयुएमएस, बीएसएमएस, मिलिट्री नर्सिंग सर्विसेस बीएससी एवं चार वर्ष के नर्सिंग कोर्स में प्रवेश लेने हेतु नीट यूजी में अर्हता प्राप्त आवश्यक हैं। आवेदन शुल्क-नीट यूजी के लिए आवेदन शुल्क 1700 रुपये सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए, ईडब्ल्यू एवं ओबीसी वर्ग के लिए 1600 रुपये, एससी, एसटी, पीडब्लूडी वर्ग के लिए यह 1000 रुपए है, वहीं विदेशी छात्र के लिए 9500 रुपये है।

परीक्षा पैटर्न- यह परीक्षा 3 घण्टे की होगी जिसमें फिजिक्स के 45 प्रश्न, केमेस्ट्री के 45 प्रश्न एवं बायोलॉजी (बॉटनी, जूलॉजी) के 90 प्रश्न पूछे जाएंगे। कुल 180 प्रश्न पूछे जाएंगे जिसका कुल 720 नंबर का पूर्णांक रहेगा। इस तरह सही उत्तर पर 4 अंक दिए जाएंगे वही गलत उत्तर होने पर 1 अंक काटा जाएगा। नीट यूजी उम्र सीमा- नीट यूजी परीक्षा के लिए उम्र सीमा न्यूनतम 17 वर्ष है। जिस वर्ष आपको मेडिकल में एडमिशन लेना है, उस वर्ष 31 दिसंबर से पहले स्टूडेंट की उम्र कम से कम 17 वर्ष होनी चाहिए। नीट में अधिकतम उम्र की कोई सीमा नहीं है। विदेश में मेडिकल पढ़ने के लिए नीट- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय, नेशनल मेडिकल कमीशन और एनटीए नीट बुलेटिन में दी गई जानकारी के अनुसार, अगर कोई भी भारतीय नागरिक या ओसीआई कार्ड होल्डर (ओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया) विदेश जाकर वहां के किसी मेडिकल कॉलेज/ संस्थान में मेडिकल की पढ़ाई करना चाहता है।

कार्यालय जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा अधिकारी, जिला भीलवाड़ा (राज.)

क्रमांक/परि/भील/2024-25/3950 दिनांक 02/01/2025

नोटिस

वाहन संख्या RJ06-GC-2707 श्री नारायण रेवारी पुत्र श्री भंवर रेबारी निवासी - भगवानपुरा मोहल्ला, होडा, खाचरोल, जिला भीलवाड़ा नोटिस फार्म 37 पत्र क्र.स. 3858 दिनांक 01.01.2025 फाईनेसर- TVS CREDIT SERVICES LTD.	वाहन संख्या RJ06-GC-9856 श्री रमेश नाथ पुत्र श्री लखमा नाथ निवासी - सुखाडिया सर्कल, अजमेर रोड़, भीलवाड़ा नोटिस फार्म 37 पत्र क्र.स 3811 दिनांक 27.12.2024 फाईनेसर- Mahindra & Maindra Fin. Service Ltd.
वाहन संख्या RJ0G-EA-3313 श्री सोहन लाल रेगर पुत्र श्री नन्दा लाल रेगर निवासी - 73, सलाटियों से तिलस्वा रोड़, चांदजी की खेड़ी, बिजौलिया, जिला भीलवाड़ा नोटिस फार्म 37 पत्र क्र.स. 3776 दिनांक 23.12.2024 फाईनेसर- CHOLAMANDALAM INVETMENT & FIN. CO. LTD.	

विषयः फाईनेसर के नाम फ्रेश आर.सी. जारी करने बाबत।

उक्त वाहन के फाईनेसरो ने अपने कब्जे में लेकर अपने नाम से फ्रेश आर.सी. जारी करने हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है कार्यालय के उपरोक्त पत्रांक से रजि0 एडी0 द्वारा नोटिस भिजवाया गया लेकिन अभी तक उसका कोई प्रत्युतर प्राप्त नहीं हुआ। तथा न ही किसी प्रकार की आपति/अभ्यावेदन प्रस्तुत हुआ है। समाचार पत्र में पुनः नोटिस प्रकाशित किया जा रहा है। नोटिस प्रकाशन के सात दिवस तक वाहन की मूल आर.सी. इस कार्यालय में प्रस्तुत कर दे या जो भी आपतिध अभ्यावेदन हो मय साक्ष्य ध प्रगाण के अधोहस्ताक्षर कर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर दें। इस अवधि उपरान्त कोई आपति स्वीकार्य नहीं होगी एवं तत्पश्चात U/S 51 (5) of CMV ACT 1988 के तहत फाईनेंसर के नाम फ्रेश आर.सी जारी कर दी जायेगी।

जिला परिवहन अधिकारी, भीलवाड़ा (राज.)

बुरी आदतों से बचकर संस्कारवान बने बालक-बालिका : गणपत सिंह

ब्यावर (निसं) राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जवाजा में शनिवार को लगभग 200पूर्व विद्यार्थी, 50 पूर्व शिक्षकों एवं भामाशाहो को फूलों की चादर बिछाकर अगवानी करते हुए सम्मान किया गया व समारोह संपन्न हुआ।

प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रजापति ने बताया कि पूर्व विद्यार्थियों एवं पूर्व शिक्षकों ने भामाशाह बन दिल खोलकर विद्यालय विकास में लगभग 1 लाख रुपये से अधिक की घोषणा की एवं लगभग विद्यालय की 50 प्रतिभावान बालकों का सम्मान किया गया व साथ ही स्थानीय विद्यालय की श्रेष्ठ 7 शिक्षकों का सम्मान भी किया गया ।समारोह में मुख्य अतिथि गणपत सिंह रावत प्रधान पंचायत समिति जवाजा, अध्यक्षता कविता मौर्य मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जवाजा, विशिष्ट तिथि कैलाश चंद्र अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, ओम प्रकाश मिश्रा समाजसेवी, संजय सोनी प्रशासक प्रतिनिधि, प्रधानाचार्य तारा चंद जांगिड़, अब्दुल हनीफ खान, गुरु शरण गोयल, नेमीचंद यादव, गजेंद्र तूनगारिया, दिलावर टॉक, प्रकाश प्रजापति, संतोष सिंह चौहान, भगवान सहाय जारोडीया, नगेंद्र कदम, खीमराज कटारिया, सोहनलाल सिंगारिया, मोहन सिंह चौहान प्रधानाध्यापक, रघुवीर सिंह चौहान जिलाध्यक्ष राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय, भामाशाह सोहनलाल राव, रेखा सिंगारिया, सरदार सिंह पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी, अधिकारी राजेंद्र सिंह भगवानपुरा , अधिकारी सोहन सिंह ,जिला रसद अधिकारी डॉक्टर विनय तिवारी, आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी संतोष रावत, पंचायत समिति सदस्य सरपंच प्रेम सिंह तारागढ़, सरपंच प्रतिनिधि दिलीप सिंह, सूरजपुरा सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप सिंह देवाता, पूर्व सरपंच गिरधारी सिंह तारागढ़, अरुण शर्मा सेवादल कांठोस, टीकम सिंह कड़ीवाल, अमरचंद बंसीवाल पूर्व स्टाफ टील सिंह, किशन सिंह चौहान आदि के आतिथ्य में समारोह संपन्न हुआ ।प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रजापति ने विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमें विद्यालय के शैक्षिक भौतिक संसाधन तथा बालकों के उत्कृष्ट प्रदर्शन विभिन्न क्रियाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बालकों तथा विविध गतिविधियों के बारे में विस्तार से अवगत करवाया एवं भामाशाहों का आभार व्यक्त करते हुए एवं पधारे हुए सभी अतिथियों का साफा बांधकर माला व दुपटा से स्वागत अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि अपने उद्बोधन में बालकों को अपनी बुरी आदतों को त्यागते हुए घर परिवार में संस्कारवान बने हेतु प्रेरित किया अपने माता-पिता गुरुजनों तथा अपने जीवन को ऊँचाइयो पर ले जाकर लाभान्वित होने के लिए शिक्षा पर अधिक से अधिक ध्यान देने की बात कही, प्रधानाचार्य प्रजापति का इस भव्य समारोह एवं विद्यालय के प्रति उनके समर्पण के लिए प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इसी लग्न एवं समर्पण से विद्यालय का चहु मुखी विकास करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित भविष्य में भी अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए आगे भी इसी प्रकार कार्य करने का आ ाहन किया। संस्था प्रधान प्रजापति के पिताश्री मोहनलाल प्रजापति का का स्वागत अभिनंदन करते हुई उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके पूरे परिवार को शिक्षा विभाग को सौपने एवं आगे भी अपने पूरे परिवार को शिक्षित बनाया एवं उनके परिवार जनों द्वारा विद्यालय में कराए जा रहे विभिन्न कार्यों एवं उनके समर्पित जीवन के लिए उनके पिता श्री मोहनलाल प्रजापति का आभार धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रधानाचार्य नेमीचंद यादव मोहन सिंह चौहान रघुवीर सिंह चौहान संतोष चौहान सहित ने उद्बोधन दिया।पटेल स्कूल के उप प्रधानाचार्य प्रीति परिहार शिवलाल व्याख्याता कंचन परिहार आशा चौहान ज्योति शर्मा लक्ष्मण प्रजापति मुकेश प्रजापति नरेश कुमार महेंद्र कुमार वर्मा हेमंत कुमावत आदि उपस्थित हुए उनका भी स्वागत किया गया।बालक बालिकाओं ने बहुत ही सुंदर नृत्य संगीत नाट्यय कविता पाठ प्रस्तुत किये।

नवनियुक्त मण्डल अध्यक्षों का भव्य स्वागत

ब्यावर (निसं) भारतीय जनता पार्टी अजमेर देहात के महाराणा प्रताप मण्डल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रवि चौहान व आशापुरा माता मण्डल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय दगदी को बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार करते हुए निवर्तमान जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतडा के कार्यालय पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई शुभकामनाए प्रेषित की।इसके साथ ही निवर्तमान जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतडा के नेतृत्व मे ढोल बजाकर अम्बेडकर सर्किल पर बाबा साहेब की पावन प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और पुष्पांजलि अर्पित कर सादर नमन किया।

नवनिर्वाचित मण्डल अध्यक्ष रवि चौहान ने कहा कि कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। साथ ही कार्यकर्ताओं और पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरा करने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। पार्टी को निरतंर आगे बढ़ाने के लिए वह कार्यकर्ताओं को साथ लेकर कार्य करेंगे।

मण्डल अध्यक्ष विजय दगदी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार जनहित में अनेकों कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है।इस अवसर अजमेर देहात जिलामंत्री बृजकिशोर शर्मा, शिवप्रकाश सामरिया, पूर्व मण्डल अध्यक्ष जितेंद्र कावडिया, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष चेतन गोयर, मंडल महामंत्री संतोष जागृत, सत्येंद्र यादव, मुकेश घांवरी, मनीष बंसल देवकिशन भाटी, महेंद्र सिंह गौड़, विजय यादव, दिलीप दगदी, महेश चितलांगिया, प्रीति शर्मा, शिखा गुप्ता, कुंज बिहारी, रामेश्वर गहलोत, हरीश सांखला, ललिता जालान, जय जागृत, देवकीनंदन शर्मा, राजेश जांगिड़, जितेंद्र सोनी, चन्दन बिलोनिया, हिमांशु दाधीच आदि कार्यकर्ताओं ने मण्डल अध्यक्ष को बधाई दी।

क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
LiFE Lifestyle for Environment

एसपीएल-2, पंचम चरण, रिको औद्योगिक क्षेत्र, किशनगढ़ (अजमेर)

राप्रनिम/क्षैका किश/पीयूबी-399/2970 Date: 05-02-2025

पर्यावरणीय स्वीकृति समूह खनन परियोजना हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना

विषयः- श्री राकेश चौधरी पुत्र श्री रामजीवन चौधरी, खसरा संख्या 2777, डेलिनियेटेड प्लॉट संख्या 136, निकट ग्राम भवंरिया, तहसील रायपुर, जिला ब्यावर द्वारा प्रस्तावित मैसनरी स्टोन खनिज क्लस्टर खनन परियोजना हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिए लोक सुनवाई।

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसनरी स्टोन खनन क्लस्टर कुल क्षेत्रफल 38.00 हैक्टेयर, कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता-54,17,614 टीपीए (आर.ओ.एम.) आवेदक श्री राकेश चौधरी पुत्र श्री रामजीवन चौधरी द्वारा प्रस्तावित मैसनरी स्टोन खनन परियोजना है जिसका खनन क्षेत्र 1.00 हैक्टेयर है तथा प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 1,01,340 टीपीए (आर.ओ.एम.) जो कि खसरा संख्या 2777, डेलिनियेटेड प्लॉट संख्या 136, निकट ग्राम भंवरिया, तहसील रायपुर, जिला ब्यावर में स्थित है से संबन्धित प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज पर्यावणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना लोक सुनवाई हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहाँ तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) को प्रस्तुत किया गया है।
2. और चूंकी श्री राकेश चौधरी पुत्र श्री रामजीवन चौधरी ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना की लोक सुनवाई हेतु मण्डल को आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त परियोजना हेतु वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 ओर एस.ओ. 141 ई दिनांक 15.01.2016 के अनुसार में जन सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है।
3. उक्त परियोजना से सम्बन्धित संक्षिप्त अभिलेख (कार्यकारी सारांश) एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार अभिलेख निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ उपलब्ध हैः-

1. जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, ब्यावर 2. पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर 3. सदस्य सचिव, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मुल्यांकन समिति, राजस्थान, 04, संस्थानिक क्षैत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर 4. क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, किशनगढ़, जिला- अजमेर 5. तहसील कार्यालय- रायपुर, जिला-ब्यावर 6. ग्राम पंचायत पाटन, पंचायत समिति रायपुर, तहसील रायपुर, जिला ब्यावर ।

अतः सर्वसाधारण को कार्यालय जिला कलस्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, ब्यावर के पत्र क्रमांक कब्या/एफ, 8(14)/सामान्य/2025/207 दिनांक 03.02.2054 के क्रम में इस आम सूचना के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त समूह खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित जन सुनवाई हेतु दिनांक 11/03/2025 को प्रातः 11:00 बजे, स्थान- ग्राम पंचायत पाटन, पंचायत समिति रायपुर, तहसील रायपुर, जिला ब्यावर में उपस्थित होकर अपने लिखित/मौखिक आक्षेप/सुझाव